# LOS ANGELES काउंटी रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क

# नवंबर 2022 आम चुनाव अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## मतदाता पंजीकरण

### मैं मतदान के लिए पंजीकरण कैसे कर सकता हूँ?

- मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का सबसे आसान तरीका ऑनलाइन LAVOTE.GOV पर है।
- मतदाता पंजीकरण आवेदन अधिकांश सरकारी भवनों जैसे पुस्तकालयों, डीएमवी कार्यालयों, डाकघरों और Norwalk में पंजीयक मुख्यालय पर भी उपलब्ध होते हैं।
- इस चुनाव के लिए डाक द्वारा मतदान मतपत्र प्राप्त करने के लिए मतदाताओं को **24 अक्टूबर** तक मतदान करने के लिए पंजीकरण करना होगा।

### मैं अपने पंजीकरण की स्थिति कैसे देख सकता हूँ?

- मतदाता **LAVOTE.GOV/VRSTATUS** पर ऑनलाइन अपने पंजीकरण की स्थिति और जानकारी की जाँच कर सकते हैं या (800) 815-2666, विकल्प 2 पर कॉल कर सकते हैं।

### अगर मैं पंजीकरण की समय सीमा चूक जाता हूँ तो क्या मैं मतदान कर सकता हूँ?

- हाँ। कोई भी पात्र मतदाता जो **24 अक्टूबर** की समय सीमा से चूक जाता है, वह अभी भी सशर्त मतदाता पंजीकरण (उसी दिन पंजीकरण) के माध्यम से L.A. काउंटी के किसी भी मतदान केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकता है।

### मुझे अपने मतदाता पंजीकरण को कैसे और कब अद्यतन करना चाहिए?

- यदि कोई मतदाता स्थानांतरित हो गया है, अपना नाम बदल चुका है, या अपने राजनीतिक दल की संबद्धता को बदलना चाहता है, तो वे LAVOTE.GOV पर अपना पंजीकरण अद्यतन कर सकते हैं। ऐसे मतदाता जो काउंटी या राज्य से बाहर चले गए हैं, कृपया अपना पंजीकरण रद्द करने के लिए (800) 201-8999, विकल्प 2 पर पंजीयक का कार्यालय से संपर्क करें, या पंजीकरण रद्द करने का प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए LAVOTE.GOV पर जाएँ।

---

## डाक-द्वारा-मतदान

### मुझे अपना डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र कब प्राप्त होगा?

- डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र सभी पंजीकृत मतदाताओं को **6 अक्टूबर** से शुरु होते हुए डाक से भेजे जा रहे हैं।

### मैं अपना डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र पर कैसे नजर रख सकता हूँ

- मतदाता **Where's My Ballot (मेरा मतपत्र कहाँ है)** की सदस्यता california.ballottrax.net पर लेकर अपने मतपत्र का पता लगा सकते हैं। यह एक निःशुल्क सदस्यता है जो उनके मतपत्र की स्थिति के बारे में टेक्स्ट, ईमेल या वॉइसमेल द्वारा स्वचालित सूचनाएँ भेजती है।

### मुझे मतपत्र डालने का बक्स (ड्रॉप बॉक्स) के स्थानों की सूची कहाँ मिल सकती है?

- ऑनलाइन LAVOTE.GOV पर।
- डाक द्वारा मतदान पैकेट में मतदाता के निवास के निकट सुविधाजनक मतपत्र डालने के बक्स (ड्रॉप बॉक्स) स्थानों की सूची शामिल है।

### मुझे वापसी लिफाफे पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता क्यों है?

- पात्रता की पुष्टि करने के लिए पंजीयक मतदाता के पंजीकरण अभिलेख पर हस्ताक्षर के साथ वापसी लिफाफे पर हस्ताक्षर का सत्यापन करता है।

### क्या मैं अपना जन्मदिन या वापस करने की तारीख वापसी लिफाफा पर डालता हूँ?

- मतपत्र वापस करने की तिथि दर्ज करें। यदि कोई मतदाता इसके बजाय अपनी जन्मतिथि दर्ज करता है, तब भी मतपत्र को संसाधित किया जाएगा, और एक बार सत्यापित होने के बाद, उसकी गणना की जाएगी।

### मुझे अपना मतपत्र कब जमा करने की आवश्यकता है?

- मतदाता अपना मतपत्र प्राप्त होते ही वापस कर सकते हैं।
- सभी मतपत्रों को चुनाव के दिन तक डाक मोहर किया जाना चाहिए या आधिकारिक मतपत्र डालने का बक्स (ड्रॉप बॉक्स) या मतदान केंद्र में वापस कर दिया जाना चाहिए।
- पंजीयक चुनाव के दिन तक डाक मोहर किए गए और चुनाव के दिन के बाद 7 दिनों के भीतर प्राप्त मतपत्रों को स्वीकार करेंगे।

# LOS ANGELES काउंटी
# रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क

# नवंबर 2022 आम चुनाव अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## डाक-द्वारा-मतदान

### क्या होगा यदि मुझे मतपत्र प्राप्त नहीं होता है या यह क्षतिग्रस्त हो जाता है?

- मतदाता **LAVOTE.GOV/REPLACEBALLOT** पर प्रतिस्थापन मतपत्र का अनुरोध कर सकते हैं। प्रतिस्थापन का अनुरोध करने का अंतिम दिन **1 नवंबर** है।
- अपना पूरा नाम, जन्म तिथि और पते के साथ (800) 815-2666, विकल्प 2 पर कॉल करें, या votebymail@rrcc.lacounty.gov पर ईमेल करें।

### मैं एक अलग भाषा में डाक द्वारा मतदान मतपत्र का अनुरोध कैसे कर सकता हूँ?

- नमूना मतपत्र पुस्तक के पीछे भाषा अनुरोध प्रपत्र को भरें और वापस करें।
- पंजीयक के बहुभाषी सेवा अनुभाग (800) 815-2666, विकल्प 3 पर कॉल करें।
- समर्थित भाषाएँ: अर्मेनियाई, चीनी, खमेर, फ़ारसी, कोरियाई, स्पेनिश, तागालोग, वियतनामी, हिंदी, जापानी, थाई, रूसी, बर्मी, तेलुगु, गुजराती, इंडोनेशियाई, मंगोलियाई और बंगाली हैं।

---

## वैयक्तिक रूप से मतदान

### क्या मैं वैयक्तिक रूप से मतदान कर सकता हूँ?

- हाँ। मतदाताओं के पास **29 अक्टूबर** से शुरू होने वाले किसी भी मतदान केंद्र पर वैयक्तिक रूप से मतदान करने का विकल्प होगा।
- मतदान केंद्र प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक और चुनाव के दिन सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे।

### मैं एक मतदान केंद्र कैसे ढूंढ सकता हूँ?

- मतदान केंद्र ऐप देखने के लिए **LOCATOR.LAVOTE.GOV** पर जाएँ या (800) 815-2666 विकल्प 1 पर कॉल करें।
- ऐप LA काउंटी में सभी मतदान केंद्र के स्थानों और अनुमानित प्रतीक्षा समय को प्रदर्शित करता है।
- प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को अक्टूबर के मध्य में एक अलग डाक प्रेषण जो उनके घर के निकटतम मतदान केंद्र के स्थानों को सूचीबद्ध करता है, डाक से भेजा जाएगा।

### मैं वैयक्तिक रूप से कब मतदान कर सकता हूँ?

- **29 अक्टूबर** से मतदाता किसी भी मतदान केंद्र पर जा सकते हैं।
- प्रारम्भिक मतदान के अवसरों का लाभ उठाएं और जल्दी मतदान करें।

### आप मतदान केंद्रों को कोविड-19 से कैसे सुरक्षित रख रहे हैं?

- सभी मतदान केंद्र वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करते हैं।
- चुनाव कार्यकर्ता फेस मास्क पहनेंगे और नियमित रूप से सतहों को पोंछेंगे।
- मतदाताओं को फेस मास्क पहनने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है।

### क्या मुझे किसी मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए पहचान प्रदान करने की आवश्यकता है?

- कैलिफोर्निया के कानून में पंजीकृत मतदाताओं को मतदान करते समय पहचान दिखाने की आवश्यकता नहीं है।
- हालांकि, यदि कोई मतदाता पहली बार पंजीकरण कर रहा है, तो उन्हें एक वैध सरकारी फोटो पहचान पत्र या सामाजिक सुरक्षा संख्या के अंतिम चार अंक प्रदान करने होंगे।